हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 .4 डिग्री
न्यूनतम 4 .0 डिग्री

12 भारतीय नौसेना दुनिया की शीर्ष नौसेना बलों में से एक: कैप्टन ब्रिज



12 ओल्ड हाउसिंग बोर्ड की गलियों के सुधरे हालात, 45 लाख की लागत से बनी नई सड़कें




# आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

## -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

## -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी


आदिश जैन

**नारनौल** । आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण गें आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्याथीं तेजों से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।




ADVT.


## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो आरोपी वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने हादसे के बाद 3 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई थी। जांच के बाद पुलिस ने फतेहपुरी निवासी सुरेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। 10 नवंबर को हुए सड़क हादसे में बावल थाना पुलिस ने यूपी के जामो निवासी सुशील को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### बाल सुधार गृह भेजा मारपीट का आरोपी

**बावल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नवंबर माह में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 10 नवंबर को कई आरोपियों के खिलाफ मारपीट व हरिजन एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया। उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया। वहां से मिले आदेशानुसार आरोपी को फरीदाबाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इस मामले में कई आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं।

### गैंबलिंग एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गैंबलिंग एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुरूग्राम के नाहरपुर निवासी मदन सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेज दिया। जैसे ही उसने सट्टे का नंबर लगाया, पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 2800 रुपये राशि बरामद हुई। बाद में आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### हत्या के मामले में आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने 17 अक्टूबर को हुई हत्या के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। एचएसएनसीबी की टीम ने बीते सप्ताह नशीले पदार्थ के साथ मोहल्ला बलभद्र सराय निवासी शिवम को गिरफ्तार किया था। उसे सिटी पुलिस के हवाले किया गया था। आपराधिक रिकॉर्ड जांचने पर उसके खिलाफ कई केस पहले से दर्ज पाए गए। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। अब आरोपी को एक बार फिर से हत्या के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### ईडन गार्डन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सात को

**रेवाड़ी।** सामाजिक संस्था ह्यूमन हेल्प वेल्फेयर ट्रस्ट और लायन क्लब रेवाड़ी पॉजिटिव हेल्थ की ओर से संयुक्त रूप से 7 दिसंबर को मनचंदा ईडन गार्डन सोसायटी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

*वर्ष 2006 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी जमीन*

# सेक्टर के बाईपास की जमीन जल्द कराई जाएगी खाली कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक्शन लेगा एचएसवीपी

**मुआवजा लेने के बावजूद लोगों ने जमीन से नहीं हटाया कब्जा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 से 19 के बीच प्रस्तावित आउटर बाईपास की जमीन जल्द कब्जा मुक्त होने की उम्मीद जग गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने जमीन से जुड़े लंबित मामलों का निपटान तेज कराने की प्रक्रिया शुरू कराने का निर्णय लिया है। इस जमीन के कब्जा मुक्त होने के साथ ही बाईपास निर्माण का रास्ता भी साफ हो जाएगा। डीटीपी के मास्टर प्लान के तहत एचएसवीपी ने बाईपास निर्माण कराने के लिए लगभग दो दशक पहले जमीन का अधिग्रहण किया था। 45 मीटर चौड़ाई और करीब 2 किलोमीटर लंबाई की सड़क का निर्माण कराने के अधिग्रहित की जमीन पर एचएसवीपी ी तरह कब्जा नहीं ले पाया है।

**डीटीपी के मास्टर प्लान के तहत एचएसवीपी ने बाईपास निर्माण कराने के लिए लगभग दो दशक पहले जमीन का अधिग्रहण किया था**


बाईपास के लिए अधिग्रहित जमीन पर खड़ी फसल व बने मकान

### भूमालिकों ने केस दायर किए

बताया जा रहा है कि संशोधित मुआवजा राशि के लिए कुछ भूमालिकों ने कोर्ट में केस दायर किए हुए हैं। एक ओर एचएसवीपी पुराने कब्जों को नहीं हटवाया पाया है, तो दूसरी ओर नए सिरे भी लोग इस जमीन पर पुख्ता निर्माण कर रहे हैं। कहीं एचएसवीपी की जमीन पर खेती हो रही है, तो कहीं मकान तक बनाए हुए हैं। नई चारदीवारी का निर्माण भी कुछ समय पहले कराया गया है। जमीन से कब्जे हटे बिना सड़क का निर्माण कराना संभव नहीं है, जिससे दोनों सेक्टरों के साथ-साथ शहर के दूसरे एरिया के लोगों को भी बाईपास का फायदा नहीं मिल पा रहा है। अगर बाईपास का निर्माण होता है, तो इससे दिल्ली-जयपुर व रोहतक नेशनल हाइवे पर पहुंचना आसान हो जाएगा।


रेवाड़ी। बाईपास के लिए अधिग्रहित जमीन पर बने निर्माण। फोटो : हरिभूमि

### एलए के पास भेजी हुई है केस की फाइल

*हमने गोशाला के कब्जे को खाली कराया था। जमीन के कुछ हिस्से को अतिक्रमण मुक्त करा दिया था। बाद में कानूनी पेचिदगियां आने के कारण कब्जे नहीं हट सके थे। अब फाइल एलए के पास भेजी हुई है। इसकी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जमीन खाली कराने के तुरंत बाद सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया जाएगा।*
*-दीपक घनघस, ईओ, एचएसवीपी।*


बाईपास निर्माण के लिए वर्ष 2006 में किया था अधिग्रहण
दो दशक पहले एक्वायर की जमीन, करोड़ों रुपये मुआवजा दिया, आज तक खाली नहीं करवा पाए
अधिग्रहित सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे कई लोग
अवैध कब्जों के कारण सड़क निर्माण नहीं
जमीन की कीमत कई गुणा बढ़ी
खेती करने के साथ पुख्ता

### प्राधिकरण के पास बजट की कमी नहीं

एचएसवीपी के पास बाईपास निर्माण के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। प्राधिकरण कब्जा खाली होने के तुरंत बाद बाईपास का निर्माण शुरू करा सकता है। इस कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए प्राधिकरण की ओर से गोशाला के कब्जे तोड़कर खाली कराया था, परंतु अन्य जमीन अभी तक कब्जों की चपेट में है। इस बाईपास का निर्माण होने से दोनों सेक्टरों की सूरत बदल जाएगी। शहर के दूसरे एरिया के लोगों को भी इसका काफी फायदा मिल सकेगा। नेशनल हाइवे से शहर का आवागमन आसान हो जाएगा।

### जल्द हटवाई जाएंगी सेक्टर की झुग्गियां

एचएसवीपी की ओर से सेक्टर-18 की बदहाल सड़कों के निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू कराया जाएगा। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ समय पहले सेक्टर में बनी झुग्गियों को हटवा दिया गया था। लोगों ने फिर से प्राधिकरण की जमीन पर झुग्गियां डाल ली हैं। इन झुग्गियों को हटवाने के लिए भी जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़कों का एस्टीमेट बनाया जा रहा हे। इसके बाद निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करा दिया जाएगा। सड़क निर्माण के बाद सेक्टर व आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# डालसा सचिव ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

*सीजेएम वर्मा ने कहा कानूनी सहायता और सेवाओं के बारे में सभी लोगों को जागरूक किया जाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की डॉन योजना ड्रग जागरूकता और कल्याण नेविगेशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने वीरवार को नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। केंद्र में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं वोकेशनल कॉउंसलर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में फिलहाल 8 रोगी हैं। उन्होंने बताया कि काउंसलर संदीपा की ओर से रोगियों की समय समय पर काउंसलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है। सीजेएम वर्मा ने कहा कि कानूनी सहायता और सेवाओं के बारे में सभी लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि कानून की सहायता का लाभ उठा सके। सीजेएम ने सभी को नशा न करने को लेकर प्रेरित किया तथा उससे होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। उच्चतम न्यायालय की ओर से आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220 062 चलाया हुआ है, जिस पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र सिंह भी मौजूद थे।


रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र में लोगों को जानकारी देते सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

# रसियावास पर डाला जा रहा कूड़ा, लोग लगा रहे कचरे में आग, आसपास के लोगों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नगर पालिका से लेकर उद्योगों तक का कचरा रसियावास फाटक के पास डाला जा रहा है। इस कचरे में मौका मिलते ही लोग आग लगा देते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को धुएं और प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। फाटक के पास रहने वाले रणजीत, कर्मबीर, सुनील, भूपसिंह, महाबीर, कुलदीप, सुमेर सिंह, विजय कुमार, अजीत और विनोद आदि ने बताया कि फाटक के पास आए दिन भारी मात्रा में कचरा डाल दिया जाता है। यहां बने तालाब को भी कचरे से ढक दिया गया है। इससे तालाब में दलबदल बना हुआ है। तालाब के बाहर पड़े कचरे में मौका मिलते ही आग लगा दी जाती है, जिससे आसपास के एरिया में जहरीला धुआं फैल जाता है। बुधवार की रात भी किसी ने कूड़े के ढेर में आग लगा दी। इसके बाद कूड़े के ढेर से उठने वाले धुएं ने रात भर लोगों की नींद हराम कर दी। उन्होंने बताया कि कूड़े के ढेरों को यया तो रात के समय आग लगाई जाती है या फिर सुबह जल्दी। आग लगाने वालों का पता ही नहीं चल पाता। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड या नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। दमा के रोगियों से लेकर बुजुर्गों तक को धुएं के कारण सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


बावल। आग लगाने के बाद उठ रहा धुआं दिखाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### जानलेवा बन चुका कूड़े से भरा जोहड़

लोगों ने बताया कि फाटक के पास बना जोहड़ कूड़ा डालने के बाद दलदल का रूप ले चुका है। इसमें पशु तो गिरकर दम तोड़ते ही रहते हैं, गत दिनों एक युवक की भी दलदल में फंसकर मौत हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन लोगों की समस्या का नजरअंदाज कर रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थाई समाधान कराया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो लोग आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

**अब जल्द शुरू हो सकता है कोहरे का भी प्रकोप, सुबह के समय प्रदूषण से राहत नहीं**

# पारा गिरने से ठिठुरन बढ़ी, कल से बादल छाने की संभावना

- हवाओं की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साल के आखिरी महीने के पहले सप्ताह में ही रात के समय कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। रात का पारा सामान्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है, जिससे आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप बढ़ जाएगा। सुबह के समय प्रदूषण की समस्या अभी बरकरार है। आगामी शनिवार से मौसम में परिवर्तन का अनुमान लगाया जा रहा है। बीते साल की तुलना में इस बार ठंड काफी पहले शुरू हो चुकी है। गत वर्ष दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में कड़ाके की ठंड शुरू हुई थी। 4 दिसंबर को अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री और न्यूनतम 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वीरवार को सुबह के समय आसमान में धुआं छाया रहा। कोहरा अभी शुरू नहीं हुआ है, जिससे सुबह से ही अच्छी धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 27.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात के तापमान में 1.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से यह 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत तक बना रहा, जबकि हवाओं की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रही।


रेवाड़ी। एक खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### मौसम में बदलाव हो सकता है

मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 6 दिसंबर को आसमान में बादल छा सकते हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी को सकती है। दो दिनों तक मौसम बादलों वाला बना रह सकता है। ठंड बढ़ने के कारण सुबह के समय एक्यूआई भी बढ़ जाता है, लेकिन दोपहर तक इसमें कमी आ जाती है। वीरवार को शाम के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 175 दर्ज किया गया, जो सुबह के समय 200 से ज्यादा चल रहा था। इस समय अगर बारिश होती है, तो वह प्रदूषण का साफ करने में सहायक साबित होगी। दूसरी ओर बारिश से सरसों और गेहूं की फसलों को भी अच्छा फायदा मिलने की संभावना है।

### हवा में नमी का स्तर बढ़ रहा

रात का तापमान गिरने के कारण सुबह करीब 10 बजे तक लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हुआ। इसके बाद तेज धूप ने ठंड के असर को दोपहर बाद तक कम कर दिया। शाम के समय सूर्यास्त के बाद एक बार फिर से ठंड ने कंपकंपनी छुड़ना शुरू कर दिया। रात के समय औस भी गिर रही है, जिससे हवा में नमी का स्तर बढ़ रहा है। कोहरा अभी शुरू नहीं हुआ है, जिससे सड़क पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगे हैं।

### कैबिनेट मंत्री आज कंवाली में करेंगे राव मोहर सिंह द्वार का उद्घाटन

**रेवाड़ी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार को जिले के गांव कंवाली में शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के राव मोहर सिंह द्वार का उद्घाटन करेंगे। वहीं ग्रामीणों की शिकायतें भी सुनेंगे। मंत्री के निजी सचिव ने बताया कि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह गांव खोल में बाबा भैरू नाथ मंदिर और गांव बलवाड़ी में बाबा पुरुषोत्तम दास मंदिर में पूजा अर्चना करने भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री राव नरबीर सिंह गांव जटौली में चेयरमैन प्रवीन ठाकरिया की माता के निधन पर सांत्वना देने भी जाएंगे।

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे



# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

**छोटे-छोटे कदम भी अहम**

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

**यूं बनो मददगार**

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *





### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे





बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है'। इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस
नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अकसर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरत:** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।



**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ा:** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतरा:** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

# सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर

**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182

1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



'पा...पापा वो देखो।' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर..।' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली।

महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...।' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स थ्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए..' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

# आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. लड़की के मफलर के आगे लटक रहे हिस्से में एक फोल्ड अधिक खुला हुआ है। 2.लड़की की बाईं चोटी में रेड की बजाय व्हाइट हेयर-बैंड लगा हुआ है। 3.लड़की के बाएं हाथ में पहने ग्लव में अंगूठा नहीं दिख रहा है। 4.रेंडियर की बाईं हॉर्न (सींग) में तीन ब्रांचेज हैं। 5.रेंडियर की पूंछ के ठीक ऊपर एक स्टार दिखाई दे रहा है। 6.रेंडियर के पिछले दाएं पैर में हूफ (खुर) नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# अपनों से बिछड़े अली की कहानी




बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *

**किताब :** मैं-अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन, **मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## खबर संक्षेप

### दुकान की दीवार तोड़ने पर शहर में सनसनी

**नांगल चौधरी।** निजामपुर रोड पर स्थिति दुकानों के पिछले हिस्से की दीवार तोड़ दी गई। जिसकी सूचना मिलते ही व्यापारियों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। दुकान मालिक ने थाने में शिकायत देकर वारदात की छानबीन करने और दोषियों को पकड़ने की गुहार लगाई है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित गोपाल सिंह राजपूत ने बताया कि थाना मोड़ के पास दुकान बनी हुई हैं तथा दुकानों के पीछे दीवार का निर्माण भी कराया गया है।

### हादसे में घायल को डीएसपी ने पहुंचाया अस्पताल

**कनीना।** डीएसपी दिनेश कुमार ने वीरवार को सड़क हादसे में घायल हुए एक प्रवासी बाइक सवार व्यक्ति की जान बचाकर मानवता का परिचय दिया है। हुआ यूं कि डीएसपी दिनेश कुमार जब अपने कार्यालय जा रहे थे, तो रास्ते में एक बाइक सवार व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने तत्काल अपनी गाड़ी रोककर घायल को अपनी गाड़ी के माध्यम से उप नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### शिकायत का तुरंत प्रभाव से करें समाधान: सीटीएम

**नारनौल।** नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने वीरवार को लघु सचिवालय में आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 41 शिकायतें आई, जिनमें अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया। नगराधीश ने आमजन की शिकायत सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में जो शिकायतें आती हैं, उनका तुरंत प्रभाव से समाधान करें।

### जिलास्तरीय किड्स प्रतियोगिता 7 को

**महेंद्रगढ़।** जिले में बच्चों की जिला स्तरीय किड्स स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सात दिसंबर को ओजस स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। जिला सचिव प्रदीप यादव व एथलेटिक्स कोच सूरत गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-आठ, अंडर-10 व अंडर-12 आयु वर्ग के लड़के तथा लड़कियां भाग लेंगे।

### कर्मियों को सम्मानस्वरूप कंबल भेंट किए

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में अधिवक्ता नरेंद्र यादव गुवानी के सौजन्य से नगर की विभिन्न गोशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों को सम्मानस्वरूप कंबल भेंट किए गए। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि श्री गोपाल गोशाला से कार्यक्रम शुरू किया गया। अभियान में ट्रस्टी एवं प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने सहयोग किया। पर्यावरणविद कृष्ण शर्मा एडवोकेट विशेष आमंत्रित अतिथि थे।

### खेड़ी तलवाना में भंडारा नौ दिसंबर को

**कनीना।** खेड़ी तलवाना के बाबा ज्ञानगिरी आश्रम बरसावल धाम में आगामी नौ दिसंबर को चौथे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शिवकुमार ने बताया कि बाबा ज्ञानगिरी सेवा समिति की ओर से नौ दिसंबर को सुबह सवा आठ बजे हवन होगा।

# सरसों के साथ अगर शहद उत्पादन का काम करें किसान तो आमदनी में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने किसानों के समक्ष एक महत्वपूर्ण विचार रखते हुए सुझाव दिया कि सरसों की फसल के साथ अगर शहद उत्पादन का काम भी करने लगे तो यह किसान की आमदनी में आगे चलकर उल्लेखनीय बढ़ोतरी कर सकता है। डा. अभय सिंह यादव ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में जम्मू कश्मीर व दक्षिणी भारत के कुछ किसान संगठनों का हवाला देते हुए कहा कि वहां उपलब्ध मौसमी फूलों से वह शहद का अच्छा खासा उत्पादन कर रहे हैं, जो उनकी आमदनी का एक अतिरिक्त साधन बन गया है। उन्होंने इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र में बिजाई की जाने वाली सरसों की फसल की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यहां व्यापक रूप से सरसों की फसल की जाती है, जिसमें मधुमक्खी की उपस्थिति भी व्यापक रूप से होती है। यदि सरसों के फूलों का उपयोग शहद के उत्पादन के लिए करना आरंभ करें, तो यह न केवल अतिरिक्त आमदनी का साधन बन सकता है, अपितु यदि संगठित व समर्पित भाव से इसमें ध्यान दिया जाए, तो यह इस क्षेत्र का प्रमुख उत्पाद भी बन सकता है।

**खास बातें**

- इसी साल कम से कम 100 किसान ऐसे तैयार किए जाएं, जो कम से कम एक शहद उत्पादन करने का डब्बा अपने खेत में जरूर रखें

## व्यापक रूप से की जाती है सरसों की फसल

### प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत करें शहद उत्पादन कार्य

पूर्व सिंचाई मंत्री ने कहा कि पहले भी कुछ जगहों पर एक सीमित प्रयास हुआ है, लेकिन यह काम व्यापक जनभागीदारी प्राप्त नहीं कर पाया। यदि प्रारंभ में किसान संक्षिप्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत केवल एक एक शहद एकत्रित करने का डब्बा भी अपने खेत में रखना प्रारंभ करें, तो आगे चलकर यही व्यापक रूप से उत्पादन का एक प्रमुख केन्द्र बन सकता है। दक्षिणी हरियाणा व पड़ोसी राजस्थान के जिलों सहित एक बड़ा क्षेत्रफल सरसों उत्पादन का हमारे पास उपलब्ध है। यह समस्त क्षेत्र सरसों के फूलों की पीली चुनरी की तरह खिले हुए फूलों की एक आकर्षक तस्वीर पेश करता है। प्रकृति की इस धरोहर का यदि हम शहद उत्पादन के लिए फायदा उठाएं, तो किसान के लिए यह एक आकर्षक व्यवसाय बन सकता है तथा सरसों की खेती शहद की खेती भी बन सकती है। शहद उत्पादन के साथ ही मधुमक्खियों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही सरसों के उत्पादन में भी वृद्धि होगी, क्योंकि मधुमक्खियां एक फूल से दूसरे पर पराग रोपण का कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः जितना ज्यादा सरसों के फूलों का मधुमक्खी के माध्यम से एक फूल से दूसरे फूल का सम्पर्क होगा उतनी ही उत्पादन में मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस विषय में उन्होंने उपायुक्त महेंद्रगढ़ से भी बात की है कि कृषि ज्ञान केंद्र अथवा अन्य सम्बंधित विभाग के माध्यम से किसानों को ट्रेनिंग का प्रबंध किया जाए तथा इसी साल कम से कम एक 100 किसान ऐसे तैयार किए जाएं, जो कम से कम एक शहद उत्पादन करने का डब्बा अपने खेत में जरूर रखें।



डॉ. अभय सिंह यादव

- कृषि ज्ञान केंद्र अथवा अन्य सम्बंधित विभाग के माध्यम से किसानों को मिले ट्रेनिंग

### केवल पहल व प्रोत्साहन की जरूरत

उन्होंने कहा कि उनका ये दृढ़ विश्वास है कि जब एक बार शहद का स्वाद किसान को आ गया तो गांव गांव में शाहद पैदा होगा। इसमें केवल पहल और प्रोत्साहन की जरूरत है। जिसे जिला प्रशासन आवश्य करेगा, लेकिन असली पहल तो किसान को करनी है, जो इस कार्य को प्रारंभ करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि हर युवा का नवाचार के प्रति आकर्षण होना चाहिए तथा नई पहल करने के लिए प्रेरित होना चाहिए, क्योंकि हर ऐसी नई चीज या नई पहल संभावनाओं का अपार भंडार लिए होती है, केवल इसमें एक बार प्रवेश करने की आवश्यकता है। उन्होंने आग्रह किया कि प्रत्येक गांव से कम से कम पांच युवा जिला बागवानी अधिकारी के कार्यालय में इस कार्य को करने के लिए अपना प्रार्थना पत्र भिजवाएं, ताकि उपायुक्त के माध्यम से उनके प्रशिक्षण व अन्य सुविधाओं का प्रबंध करवाया जा सके। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि सरसों की फसल के फूलने का समय अतिनजदीक है। अतः वह तुरंत इस दिशा में कार्य प्रारंभ करें।

## दैनिक रेलयात्री महासंघ ने बीकानेर के अधिकारियों से की शिकायत

# रेलवे स्टेशन पर लगाई जा रही घटिया सामग्री, पहुंची शिकायत

**शिकायत के बाद हुई तुरंत कार्रवाई, ढहाई दीवार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन पर दीवार को ढहाती जेसीबी मशीन। *फोटो: हरिभूमि*

रेलवे स्टेशन पर मैटिरियल घटिया स्तर पर लगाने के कारण दैनिक रेलयात्री महासंघ ने इसकी शिकायत बीकानेर मंडल के उच्च अधिकारियों को की है। महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि घटिया स्तर की सामग्री लगाने की शिकायत बीकानेर के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया तथा कुछ ही मिनटों में चिनाई की हुई लगभग 80 फीट दीवार को जेसीबी से तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन पर कार्य जारी है।

जिसमें लगभग 17 करोड़ रुपये खर्च होने है। जिसका मैप भी रेलवे की ओर से जारी कर रखा है। यहां पर विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए अलग-अलग टेंडरों के तहत कार्य किए जा रहे है, जिसमें 11 करोड़ रुपये से स्टेशन के करीब साढ़े आठ हजार स्कवायर मीटर का एरियों पर अलग-अलग कार्यों को छह माह में पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई थी तथा स्टेशन का 90 प्रतिशत कार्य पूरा भी हो गया है। उन्होंने बताया कि शहर के आदर्श रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण के लिए रूद्रा शिवाय कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर अलाट हुआ है। कंपनी ने स्टेशन पर अपना कार्य शुरू करते हुए महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन का काम भी शुरू कर दिया गया था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेलमंत्री रेलवे स्टेशन को अमृत योजना के तहत सौंदर्यीकरण करवा रहे है, लेकिन ठेकेदारों व निचले अधिकारियों की मिली भगत से स्टेशनों पर घटिया सामग्री लगाई जा रही है।

### बहुत कम मात्रा में लगाई जा रही है सीमेंट

पाटोदा ने बताया है कि तीन नंबर की ईटें, जीरों क्वालिटी का क्रेशर, अच्छे कंपनी के सरिये भी नहीं लगाए जा रहे है तथा सीमेंट भी बहुत कम मात्रा में लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले रेल में कोई भी कार्य किए जाते थे तो 100 से 500 वर्षों तक चल जाते थे। अब वर्षभर में भवन खंडहर हो जाता है। इसकी शिकायत कई बार बीकानेर मंडल व रेल मंत्री को की जा चुकी है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि बीकानेर मंडल के अधिकारी व ठेकेदारों की सांठगांठ व सुविधा शुल्क के अभाव में घटिया कार्य किया जा रहा है। अगर विभाग ने कठोर कार्रवाई अमल में नही लाई तो मजबूरन होकर दैनिक रेलयात्री महासंघ व क्षेत्र के लोग धरना प्रर्दशन करने पर मजबूर होंगे।

### दीवार को तोड़ा

एडीईएन ओमप्रकाश से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य को लेकर घटिया स्तरीय सामग्री लगाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद तुरंत प्रभाव से जेसीबी की सहायता से दीवार को तोड़ा गया है।



कनीना। बंदर पकड़ने वाले एजेंसी कर्मचारियों के साथ चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढ़ा व अन्य।

# कनीना में पकड़े जाने के बाद बंदर पिंजरा देख भागे

- एजेंसी ने कुछ दिन के लिए अभियान रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना में 13 से 22 नवंबर तक 134 बंदर पकड़ने के बाद शेष बंदर अब पिंजरे को देखते ही दूर भागने लगे हैं। जिसके चलते बंदर पकड़े जाने का कार्य फिलहाल कुछ दिन के लिए रोक दिया गया है। यह कार्य जयश्री राम कूप एलसी सोसायटी एजेंसी की ओर से किया जा रहा था। बता दें कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से 400 बंदर पकड़े जाने का टेंडर उपरोक्त एजेंसी के नाम से छोड़ा गया था। वर्क आर्डर जारी होने के बाद 13 नवंबर से बंदर पकड़ने का कार्य शुरू किया गया। जिसके चलते 13 नवंबर को 35 बंदर पकड़े गए। जिनमें आठ मेल, 12 फीमेल व 15 बच्चे शामिल थे। इसके बाद 15 नवंबर को 15 मेल, 25 फीमेल, 6 बच्चे पकड़े गए। वहीं 17 नवंबर को आठ मेल, 22 फीमेल, छह बच्चे सहित 36 बंदर, 19 को सात मेल बंदर, 20 को पांच मेल बंदर, 21 को तीन व 22 को दो मेल बंदर सहित कुल 134 बंदर पकड़े गए। जिन्हें टेंडर की शर्तों के मुताबिक रिजर्व फोरेस्ट एरिया में छोड़ा गया। अब बंदर पकड़ने के लिए एजेंसी कर्मचारी पिंजरा रखते हैं।

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि बंदरों के आतंक से आमजन परेशान था। बच्चे एवं महिलाएं बंदरों का निशाना बन चुकी थी। जिनकी ओर से बंदरों को पकड़ने के लिए नपा कार्यालय में बार बार शिकायतें दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि नपा क्षेत्र में करीब 400 बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर कॉल किए गए थे। कुछ समय बाद बंदर पकड़ने का कार्य फिर से शुरू किया जाएगा। इस मौके पर नपा सचिव कपिल कुमार, एमई दिनेश कुमार, जेई राकेश कुमार, लेखाकार मनोज कुमार उपस्थित थे।

# शिविर में डीसी ने सुनीं समस्याएं

- महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय स्थित कोर्ट रूम में समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में वीरवार को महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय स्थित कोर्ट रूम में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने की और आमजन की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्येक व्यक्ति की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है। समाधान शिविर का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सके। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते डीसी व एसपी। *फोटो: हरिभूमि*

### स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार पर की चर्चा

*शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें शामिल हैं। इसके निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व टीम शिविर में तुरंत समाधान करने का प्रयास कर रही हैं। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव गौरव कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अलका, समाज कल्याण विभाग से सुरेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।*

### आरपीएस के आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

**नारनौल।** आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण एनएसईजेएस, दूसरा चरण आईएनजेएसओ, तीसरा चरण ओसीएससी, चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।




छात्र आदिश जैन

# कर्ण सिंह को स्पोर्ट्स बायोपिक फिल्मों के प्रेरक प्रभाव पर शोध के लिए मिली पीएचडी उपाधि

- वर्तमान में कर्ण सिंह केआर मंगलम विश्वविद्यालय गुरुग्राम में मीडिया विभाग में सहायक प्रोफेसर के तौर पर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले के गांव बेवल निवासी कर्ण सिंह को स्पोर्ट्स बायोपिक फिल्मों का युवाओं पर पड़ने वाले प्रेरक प्रभाव विषय पर किए गए उनके शोध कार्य के लिए जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। वर्तमान में कर्ण सिंह केआर मंगलम विश्वविद्यालय गुरुग्राम में मीडिया विभाग में सहायक प्रोफेसर के तौर पर काम कर रहे हैं। यह शोध कार्य डॉ. मोहम्मद आमिर पाशा (शोध निर्देशक) तथा डॉ. शिवेंदु कुमार राय (सह- निर्देशक) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।




नारनौल। कर्णसिंह को उपाधि प्रदान करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया

अपने अध्ययन में कर्ण सिंह ने भारतीय खेल-आधारित बायोपिक फिल्मों के प्रेरक तत्वों, युवाओं की खेल संस्कृति पर उनके प्रभाव तथा खेल को कैरियर के रूप में चुनने की प्रवृत्ति पर इनके योगदान का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। शोध में यह निष्कर्ष सामने आया कि स्पोर्ट्स बायोपिक फिल्में न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रेरणा विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी ने उनके शोध कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह अध्ययन सिनेमा, खेल और समाज के अंतर्संबंध को समझने में एक मूल्यवान योगदान है। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने पर कर्ण सिंह ने अपने मार्गदर्शकों, विश्वविद्यालय और परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।



नारनौल। रोष व्यक्त करते जिला प्रधान सुरेंद्र यादव एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

## प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज एफआईआर से कर्मचारियों में रोष

**नारनौल।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर दर्ज की गई एफआईआर से कर्मचारी नेताओं में रोष पैदा हो गया है और इसके विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। संघर्ष समिति ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन और शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने की सोची-समझी कोशिश बताया है। समिति के जिला प्रधान सुरेन्द्र यादव के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष धारीवाल लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों के साथ जन-जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। इसी क्रम में धारीवाल की अध्यक्षता में जन्तर मन्तर पर ओपीएस बहाली हेतु आयोजित एक शांतिपूर्ण धरना पूरी अनुशासन और मर्यादा के साथ सम्पन्न हुआ। इसके बावजूद केवल 'अधिक संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी' का हवाला देकर प्रदेश अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई, जिसे कर्मचारी समाज ने पूरी तरह अन्यायपूर्ण करार दिया है।

## पीड़ित छात्र का यह भी आरोप...एक दिन पहले बहन को भी परिचालक ने मारा था थप्पड़

# प्राइवेट बस परिचालक ने बस पास को नकारा छात्र से मारपीट का आरोप, किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

प्राइवेट बस परिचालकों की ओर से विद्यार्थियों के साथ बदतमीजी करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। नारनौल कॉलेज की छात्रा के बाद अब एक आईटीआई के छात्र के साथ प्राइवेट बस परिचालक ने बदतमीजी की और उसके साथ मारपीट की। इसी को लेकर वीरवार को आईटीआई के छात्रों ने शहर में प्रदर्शन किया और प्राइवेट बस परिचालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। विद्यार्थी ने इसकी शिकायत महेंद्रगढ़ सदर थाना प्रभारी को भी दी है। महेंद्रगढ़ आईटीआई के विद्यार्थी आशीष ने मीडिया के समक्ष बताया कि वह डहीना से महेंद्रगढ़ आईटीआई में पढ़ने के लिए आता है। वीरवार वह प्राइवेट बस में सवार होकर महेंद्रगढ़ आया था। इस दौरान प्राइवेट बस परिचालक ने बस पास मानने से इनकार कर दिया। उसके साथ बदतमीजी और मारपीट की। उइसी प्राइवेट बस परिचालक ने कल उसकी बहन को भी थप्पड़ मारा था। वहीं आईटीआई के ही एक अन्य विद्यार्थी नवीन ने कहा कि चरखी दादरी रूट पर भी प्राइवेट बस परिचालक विद्यार्थियों से अभद्र व्यवहार करते हैं और उनके साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।



महेंद्रगढ़। शहर में प्रदर्शन करते आईटीआई के छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

### विद्यार्थियों के साथ बदतमीजी बर्दाश्त नहीं

बता दें कुछ दिन पहले भी नारनौल की एक छात्रा ने प्राइवेट बस परिचालक पर बस पास मान्य नहीं किए जाने और बदतमीजी करने का आरोप लगाया था। यह मामला कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा की ग्रीवेंस मीटिंग में भी पहुंचा था। इस दौरान मंत्री ने आरटीओ को प्राइवेट बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के आदेश जारी किए थे और बस का इंपाउड करने की बात कहीं थी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि विद्यार्थियों के साथ बदतमीजी बर्दाश्त नहीं हो होगी, हालांकि अभी प्राइवेट बस संचालकों बस पास और कुछ अन्य नियमों को लेकर सरकार के खिलाफ कोर्ट में स्टे लिया हुआ है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दवा विक्रेता घर से लापता

**नारनौल।** एक दवा विक्रेता संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया। वह करीब 10 साल से एक प्राइवेट अस्पताल में दवा की दुकान चलाता है। मेडिकल स्टोर संचालक के लापता होने के बाद उसकी पत्नी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उसने फाइनेंसरों द्वारा उसके पति को परेशान किए जाने का आरोप लगाया है। शहर के महेंद्रगढ़ रोड पर निजी अस्पताल में मेडिकोज चलाने वाले शास्त्री कॉलोनी निवासी निर्मल कुमार के अचानक लापता होने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। निर्मल कुमार बीते बुधवार सुबह लगभग 11:30 बजे से घर से लापता हैं। परिजनों के अनुसार वे पिछले कई दिनों से कुछ फाइनेंसरों द्वारा दबाव बनाए जाने और लगातार परेशान किए जाने के चलते मानसिक और शारीरिक रूप से तनाव में थे। इसी तनाव के चलते वह घर से लापता हुआ है।

# ओल्ड हाउसिंग बोर्ड की गलियों के हालात सुधरे

## 45 लाख रुपये की लागत से बनी नई सड़कें

**हाउसिंग बोर्ड के पार्क में बनाया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बरसात में जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

लघु सचिवालय के पास स्थित ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में नई सड़क बनाने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। करीब दो महीने से चल रहा सड़क निर्माण कार्य एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। पुराने हाउसिंग बोर्ड की सड़कें लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। बरसात के पानी से जलभराव के कारण सड़कों पर गड्ढे हो चुके थे। नगर परिषद की ओर से टेंडर करने के बाद सड़कों का नव निर्माण शुरू किया गया। हाउसिंग बोर्ड की सड़कों पर करीब 45 लाख रुपये की जा रही है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही थी। हाउसिंग बोर्ड वासी भी लंबे समय सड़क बनाने की मांग कर रहे थे।

### नई सड़कों के लिए जताया आभार

पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान देशराज यादव ने कॉलोनी की सभी सड़क नई बनवाने के लिए वीरवार को नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि एडवोकेट बलजीत यादव का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर नारियल फोड़कर नई सड़क का उद्घाटन भी किया गया तथा मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर नप जेई विकास गर्ग, पूर्व सरपंच संदीप, मनोहर लाल शर्मा, सुधीर यादव, महेश कुमार, चौधरी मेहर सिंह, विजय कुमार, एडवोकेट राखी, हिना, मोना देवी, कमलेश रानी व ज्योति शर्मा सहित अनेक कॉलोनीवासी मौजूद थे।

### जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

लेवल नीचा होने के कारण पुराने हाउसिंग बोर्ड में एक दशक से जलभराव की समस्या भी आफत बनी हुई है। बरसात के समय हाउसिंग बोर्ड की गलियों में पानी जमा होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी, जिसके लिए नगर परिषद की ओर से पार्क में वाटर हार्वेटिंग सिस्टम भी बनाया गया है। सड़कों पर चेम्बर बनाकर पाइप लाइन को सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे जल संचयन के साथ लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।





रेवाड़ी। ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में बनी नई सड़क और हाउसिंग बोर्ड की अंतिम सड़क का निर्माण करते मजदूर तथा नई सड़क बनने पर खुशी जाहिर करते हाउसिंग बोर्ड वासी।



### बाजार की सड़क का रुका हुआ कार्य भी शुरू

लंबे समय के बाद शहर के बाजारों की सड़कों की दशा सुधारने का कार्य किया जा रहा है। शहरवासी व दुकानदार बाजार की जर्जर सड़कों के निर्माण को लेकर इंतजार कर रहे थे। नगर परिषद की ओर से दीपावली से पूर्व अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक के सीसी रोड बनाने का कार्य पूरा कर लिया था, जिसके बाद बाकी का कार्य करीब डेढ़ महीने से बंद पड़ा हुआ था। अब भाड़ावास गेट से आगे की बाजार की सड़कों के नव निर्माण के लिए खुदाई का कार्य शुरू हो चुका है। मुख्य बाजार की सड़कों के नव निर्माण पर 4.32 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। नगर परिषद की ओर से अब भाड़ावास गेट से मोती चौक व गोकल गेट होते हुए झज्जर चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा। इसी योजना में पुरानी सब्जी मंडी से बारा हजारी तक का भी सीसी रोड का निर्माण होगा तथा गोकल गेट से रेलवे चौक तक सीसी रोड बनाया जाएगा।

### कई सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा

नगर परिषद की ओर से शहर की सभी जर्जर सड़कों के नव निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू की हुई है। कई सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। मॉडल टाउन के मुख्य मार्ग की नई सड़क बनाई जा चुकी है। हाउसिंग बोर्ड की सड़कों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

-पूनम यादव, चयरपर्सन, नगर परिषद रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

# रेवाड़ी, नाहड़ व बावल में स्थापित होगी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट

- डीसी अभिषेक मीणा ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 योजना के अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने के उद्देश्य से डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रेवाड़ी, नाहड़ और बावल ब्लॉक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने पर निर्णय लिया गया। डीसी ने यूनिट स्थापित करने को लेकर पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि सरकार की ओर से प्लास्टिक वेस्ट का पूर्ण रूप से निस्तारण को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 योजना के तहत ब्लॉक स्तर पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित कराई जा रही है। इन यूनिट को स्थापित करने का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करना, उसका वर्गीकरण करना और उसे पुनर्चक्रण या अन्य उपयुक्त तकनीकों के माध्यम से निपटाना है। पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में रेवाड़ी, नाहड़ और बावल ब्लॉक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की जाएंगी। उन्होंने संबंधित बीडीपीओ को यूनिट स्थापित करने को लेकर जगह का चयन, बिजली कनेक्शन और वाहनों के सही से आवागमन आदि व्यवस्थाएं करने को लेकर निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत यूनिट स्थापित होने के बाद ब्लॉक के गांवों से प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित कर यूनिट में भेज सकेंगे। इस यूनिट में मशीन द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का दोबारा उपयोग करने और सही से निस्तारण किया जा सकेगा, ताकि पर्यावरण को प्रदूषित न करें।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, डीडीपीओ एचपी बंसल व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से एसडीओ जयप्रकाश सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। छात्राओं को साइबर अपराधों की जानकारी देती कांस्टेबल। फोटो : हरिभूमि

### साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोसली।** डीएवी महिला महाविद्यालय कोसली में वीरवार को साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कांस्टेबल अनु ने छात्राओं को साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं और युवा पीढ़ी पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने साइबर अपराध से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने छात्राओं को पुलिस के ट्रीप मॉनिटरिंग एप, विभिन्न साइबर अपराधों, साब्इबर बुलिंग व धोखाधड़ी से अवगत करवाया।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने बीते साल दर्ज किए धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 15 फरवरी 2024 को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शुरू की थी। उसके बाद उत्तराखंड के गांव ठंडा नाला निवासी रफाकत फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### यादव सभा का फ्री हेल्थ चेकअप कैंप सात को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 7 दिसंबर को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. अनिल यादव हड्डी रोग, डा. पवन सिंह यादव न्यूरो सर्जरी, डा. अजीत यादव बाल रोग, डा. विदुला यादव नेत्र रोग, डा. मनीष यादव ईएनटी व डा. अनिल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। इनके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।



रेवाड़ी। बच्चों को सामग्री वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### तिहाड़ा विद्यालय में बच्चों को बांटे स्वेटर

**बावल।** ह्यूमन हेल्प वेलफेयर ट्रस्ट ने बावल उपमंडल के गांव तिहाड़ा के सरकारी स्कूल में 50 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, जूते और जुर्राब बांटे। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ और संस्था के पूर्व प्रधान तरुण यादव व संस्थापक बलजीत सैनी भी मौजूद थे। स्कूल स्टाफ ने संस्था के इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

# जिले में चल रहा बाल विवाह मुक्त अभियान उपायुक्त ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वीरवार को डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

डीसी ने कार्यक्रम में बाल विवाह के खतरे, संबंधित कानूनों और रोकथाम के उपायों पर जानकारी देते हुए बताया कि जिले के आंगनबाड़ी, स्कूल और कॉलेज सहित 100 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अधिकारियों को शपथ दिलाते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

### गांवों में बाल कल्याण समितियां गठित की जा रही

गांवों में बाल कल्याण समितियां भी गठित की जा रही हैं ताकि रेवाड़ी को पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त बनाया जा सकें। अभियान के तहत पुजारी, पाठी, पंच, सरपंच, नंबरदार, नगर पार्षद, बैंक्वेट हॉल, मैरिज पैलेस, धर्मशाला, कार्ड प्रिंटिंग, फोटोग्राफर, बैंड-बाजा और टेंट हाउस संचालकों को निर्देश दिए हैं कि विवाह से पहले दूल्हा-दुल्हन की उम्र की जांच अनिवार्य रूप से करें और किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तुरंत दें। डीसी ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष है। इससे कम उम्र में शादी कराना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 2 वर्ष तक की कैद और 1 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, बाल विवाह निषेध अधिकारी स्टाफ से प्रमोद कुमार, एमडीडी ऑफ इंडिया टीम के जिला संयोजक जगदीप सिंह रावत, तुषार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जुआ-सट्टा, नशा और अवैध गतिविधियों पर प्रहार करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों ने संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग, पेट्रोलिंग और चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने नशा तस्करी, अवैध शराब, अवैध हथियार व जुआ गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के तहत थाना सदर पुलिस ने 1.14 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपी विशाल कुमार निवासी गांव गोकलगढ़ को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 1 अवैध देशी कट्टा व 1 जिंदा रोंद के साथ आरोपी विनीत कुमार निवासी गांव खरककलां जिला भिवानी हाल आबाद मोहल्ला विकास नगर कालाका रोड को गिरफ्तार किया है।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी तथा जरूरतमंदों को कंबल बांटते हुए पुलिस।

### अवैध रूप से शराब बेचने वालो पर कार्रवाई

अभियान के अंतर्गत थाना खोल पुलिस टीम ने गांव माजरा निवासी आरोपी अनिल को 15.75 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। दूसरे मामले में थाना रामपुरा पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से मोहल्ला कुतुबपुर निवासी आरोपी अंकित कुमार को 87.5 बोतल देशी शराब सहित काबू किया। तीसरे मामले में थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस टीम ने गांव गढ़ी अलावलपुर निवासी आरोपी नरेश कुमार को 11.5 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने जरूरतमंदों को बाटे कंबल

अभियान के तहत कड़ाके की ठंड को देखते हुए मॉडल टाउन थाना प्रभारी निरीक्षक रतनलाल व उनकी टीम ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लोगों ने थाना प्रभारी और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पुलिस कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य शीतलहर और कड़ाके की ठंड से जूझ रहे गरीबों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना भी है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा, जुआ/सट्टा, अवैध अहाते व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार नजदीकी निगरानी रखी जा रही है।



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव।

### जनसमस्याओं का निपटारा करें अधिकारी : एसडीएम

**कोसली।** कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने कार्यालय में राइट टू सर्विस एक्ट की पालना करते हुए सरकारी योजनाओं के आवेदन तथा जनसमस्याओं का निपटारा करें। अधिकारी और कर्मचारी आम जनता की सेवा के लिए हैं, उन्हें तत्परता से शिकायतों का निपटारा करने में रूचि दिखानी चाहिए। एसडीएम वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर में आईं जन शिकायतों की समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय विभिन्न विभागों से संबंधित 48 शिकायतें लंबित हैं और इन सभी का दो दिन में निवारण किया जा सकता है। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, नायब तहसीलदार रणसिंह, एसडीओ वीरेंद्र सिंह, एसएमओ डा विक्रम सिंह, एसडीओ गजराज, जेई राहुल, एसईपीओ दीपक, सीपीएलओ दयावान, राजस्व विभाग से पटवारी संजीव, चमन व राकेश मौजूद थे।

# बनीपुर और कमालपुर में पंचायती जमीन से कब्जे हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्परता से समाधान करना हरियाणा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी विशेष रूप से मौजूद रही। डीसी ने गांव बनीपुर और कमालपुर में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीडीपीओ को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रेवाड़ी के लक्ष्मी नगर में पेयजल आपूर्ति की समस्या पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को पाइप लाइन दुरुस्त कराकर समस्या का निवारण कराने के निर्देश दिए। शिविर में कुतुबपुर में सीवर लाइन ब्लॉक होने और सेक्टर-18 में पार्क व महाविद्यालय के आसपास सफाई न होने की शिकायत भी रखी गई। एडीसी राहुल मोदी और सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

### व्यायामशाला के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन बनी खतरा

**धारूहेड़ा।** गांव खरखड़ा की व्यायामशाला ग्रामीणों और बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है। व्यायामशाला का निर्माण वर्ष 2019 में कराया गया था तथा शुभारंभ 2024 में किया जा चुका है। व्यायामशाला के बीचों-बीच 11केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही है। घूमने के लिए बने फुटपाथ के बीच बिजली का पोल लगा हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने बताया कि जब बिजली निगम से हाइटेंशन लाइन व पोल को हटाने के लिए अनुरोध किया गया, तो निगम ने जनहित में कार्रवाई करने की बजाय उन्हें 1 लाख 37 हजार 483 रुपये जमा करने का नोटिस भेज दिया। उन्होंने बताया कि आज तक स्ट्रीट लाइटें चालू नहीं होने से व्यायामशाला अंधेरे में है।

### वाद-विवाद, कविता पाठ व मिमिक्री प्रतियोगिता का आयोजन

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में वीरवार को वाद-विवाद, कविता पाठ व मिमिक्री प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग के फायदे और नुकसान था। इसमें दो टीमों ने प्रतिभागिता की। टीम ए में स्नेहा, ज्योति और अनु ने प्रस्ताव के पक्ष में तथा टीम बी में निशा, गुंजन, रितु और अंजलि ने प्रस्ताव के विपक्ष में अपने विचार प्रकट किए। इस प्रतियोगिता में टीम ए विजेता रही। कविता पाठ प्रतियोगिता में चार विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें हेमंत ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय तथा योगेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### दिव्यांगों के संवैधानिक अधिकारों व योजनाओं की दी जानकारी

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के विधि विभाग की ओर से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 87 विद्यार्थियों तथा 10 संकाय सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डा. रविन्द्र के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य संसाधन व्यक्ति एवं विधिक सहायता संयोजक डा. कुसुम यादव ने दिव्यांगजनों के अधिकारों व्याख्यान दिया। उन्होंने दिव्यांगों के संवैधानिक अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं, आरक्षण नीतियों, सुलभ वातावरण के अधिकार तथा समाज में उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### किसानों के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया

**रेवाड़ी।** वीरवार को आरकेवीवाई स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत किसानों के कृषि यंत्रों का जिला स्तरीय कमेटी की ओर से भौतिक सत्यापन किया गया। सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि एंव किसान कल्याण विभाग हरियाणा की ओर से स्कीम के तहत किसानों को कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराने के लिए 20 अगस्त तक विभाग के पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इस मौके पर उत्पाद एंव कराधान अधिकारी नरेश चैधरी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र रामपुरा डा. विश्वजीत, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. कुरडाराम व कनिष्ठ अभियंता जोगेन्द्रपाल मौजूद थे।

### कोसली फ्लाई ओवर का कार्य पूरा, आज से वाहनों का संचालन होगा शुरू

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन के समीप नाहड़-साल्हावास फ्लाई ओवर का पुनर्निर्माण कार्य पूरा हो गया है। कोसली के विधायक अनिल यादव 5 दिसंबर को सुबह 10 बजे फ्लाई ओवर संचालन का शुभारंभ करेंगे। पुल के दोबारा शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। पिछले एक साल से विधायक फ्लाई ओवर का पुनर्निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए प्रयास कर रहे थे। कोसली फ्लाई ओवर को दोबारा बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने 11.50 करोड़ रुपए की राशि खर्च की है। पुल के पुनः संचालन से आम जनता को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

**स्थापना दिवस** सैनिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया नौसेना स्थापना दिवस

# भारतीय नौसेना दुनिया की शीर्ष सेना बलों में से एक : कैप्टन ब्रिज किशोर

**कैडेट्स ने नौसेना इतिहास, महत्व व भूमिका से जुड़े विविध पहलूओं पर प्रस्तुतियां दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में वीरवार को नौसेना का स्थापना दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नौसेना से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने नौसेना इतिहास, महत्व व भूमिका से जुड़े विविध पहलूओं पर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा उप-प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी एवं वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कैडेट पुष्कर गुप्ता ने भारतीय नौसेना दिवस व उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कैडेट ने बताया कि प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान नेवी की अहम भूमिका की याद दिलाता है, जिसने दुश्मन की नेवल और कोस्टल डिफेंस को करारा झटका दिया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत, इंडियन नेवी की मिसाइल बोट्स ने कराची हार्बर पर एक हिम्मत वाला हमला किया था। इस अहम एक्शन ने न सिर्फ भारत की समुद्री ताकत दिखाई, बल्कि सटीकता, हिम्मत और स्ट्रेटेजिक समझ भी दिखाई दी।



रेवाड़ी। नौसेना दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व कैडेट्स7 फोटो : हरिभूमि

### अभियान की जानकारी देकर कैडेट्स को प्रेरित किया

इस अवसर पर प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने भारतीय नौसेना के प्रादुर्भाव, इसके गौरवशाली इतिहास, विभिन्न सैन्य अभियानों की जानकारी प्रदान कर कैडेट्स को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना दुनिया की शीर्ष नौसेना बलों में से एक है, जो न केवल तकनीकी रूप से विकसित सेवा है, बल्कि देश की सुरक्षा में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन कैडेट्स के लिए आवश्यक समर्पण और अनुशासन की एक ज्वलंत अनुस्मारक के रूप में कार्य करते हैं। यह भावी सैन्य अधिकारियों को आकार देने में तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, नौसेना अकादमी, वायुसेना अकादमी व राष्ट्रीय सैन्य अकादमी जैसे संस्थानों में प्रवेश के लिए आत्मविश्वास के द्वार खोलता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शैक्षिक व प्रशासनिक कर्मी उपस्थित थे। कैडेट नैंसी व कैडेट सक्षम ने उद्घोषक की भूमिका निभाई तथा कार्यक्रम की समग्र प्रभारी शिवानी रहीं।

### मतदाता सूची तैयार करने में बीएलओ का सहयोग करें नागरिकः उपायुक्त

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि पूरे प्रदेश सहित जिला में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की गतिविधि के तहत बीएलओ की ओर से पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची वर्ष 2002 से वर्तमान मतदाताओं का मिलान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है लेकिन उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज था, के साथ मिलान किया जा रहा है। डीसी मीणा ने बताया कि हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए श्रीनिवास के निर्देशानुसार इस कार्य को समय पर पूर्ण करने के लिए बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से सूचना प्राप्त कर रहे है। उन्होंने जिला के नागरिकों से मतदाता सूची में लगे बीएलओ को पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित रूप से तैयार किया जा सकें।